205

Reg. No. : ....

Name : ....

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY – 2024

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए **15** मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें : **(5 × 1 = 5)**

1. सपना देखनेवाली मज़दूरिन कहाँ रहती है ?

   (बंगले में, झोंपड़ी में, फ्लैट में)

2. 'दवा' किसकी रचना है ?

   (डॉ. जे. बाबू, अमृता, प्रीतम, हरिशंकर परसाई)

3. 'स्कूटरवाला' किस रचना का पात्र है ?

(बेटी के नाम, वह भटका हुआ पीर, दवा)

4. इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य क्या है ?

(आम का फूल, गुलाब का फूल, कुमुद का फूल)

5. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' – किस विधा की रचना है?

(आत्मकथा, कहानी, नाटक)

सूचना : कवितांश पढ़ें और **6** से **8** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन है ।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।

6. मातृभूमि का परिधान क्या है ? **(1)**

(हरी धरती, काला मेघ, नीला आकाश)

7. कवि ने मातृभूमि का वर्णन कैसे किया है ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें : (2 × 2 = 4)

9. 'घर में मेहमान थे और विवाह से संबन्धित जरूरी काम भी ।' नीचे दिए शब्दों के समानार्थी शब्द वाक्य से चुनकर लिखें ।

शादी, अतिथि

10. किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेकर लौट आई – कौन आई ? कहाँ आई ?

11. 'केवल उस नंबर से जाना जो उसकी लाल कमीज़ पर टँका होता' – कवि ने उसको कैसे पहचान लिया ? नंबर कहाँ पर टँका था ?

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(3 × 4 = 12)**

12. "ये दोस्ती ......

हम नहीं तोड़ेंगे

तोड़ेंगे दम मगर

तेरा साथ ना छोड़ेंगे" –

सच्ची दोस्ती की विशेषता पर टिप्पणी लिखें ।

13. ये कथन पढ़ें और राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- री मुरकी ! किसके कानों में पड़ेगी और किसकी नाक में बुलाक की तरह चमकेगी ?
- मेरे जीते जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा ।

14. जीवन-वृत्त पढ़ें और हरिशंकर परसाई के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन-वृत्त		
नाम	:	हरिशंकर परसाई
जन्म	:	1924
जन्म-स्थान	:	मध्य प्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	हँसते हैं रोते हैं, जैसे उनके दिन फिरे
मृत्यु	:	1995

15. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

नभ गुँजाती
नीड़ गिरे शिशु पै
मँडराती माँ

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न **16** और **17** के उत्तर लिखें ।

आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है । आज हम जिस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं, वह महज़ एक कदम है, नए अवसरों के खुलने का । इससे भी बड़ी विजय और उपलब्धियाँ हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं । क्या हममें इतनी शक्ति और बुद्धिमत्ता है कि हम इस अवसर को समझें और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करें ? भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें ।

16. भविष्य में हमें क्या करना है ? **(2)**

17. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 18 से 21 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3 × 6 = 18)

18. जनवरी 26 गणतंत्र दिवस है । मान लें ...... इस अवसर पर आपके स्कूल में देशप्रेम से संबंधित एक नाटक का मंचन हो रहा है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

19. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम
मगन तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ
धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ
देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख
चितवन दोउ–नैन अघाई ।
'सूर' श्याम किलकत द्विज देख्यो
मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

20. विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने वाले लेखक और उनके मित्र के बीच की बातचीत लिखें ।

- सम्मेलन का वर्णन
- हिन्दी का प्रचार
- राष्ट्रपति का भाषण

21. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दी में अनुवाद करें :

Virat Kohli was born on 5th November, 1988 in Delhi. His father is Prem Kohli and mother is Saroj Kohli. He is known as one of the greatest batsman in the history of cricket. He was awarded Padma Shri in 2017.

greatest – महान

batsman – बल्लेबाज

award – पुरस्कार

सूचना : **22** से **25** तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें : **(3 × 8 = 24)**

22. सही मिलान करें :

Algebra	–	रसायन विज्ञान
Botany	–	प्रतिशत
Energy	–	उपग्रह
Chemistry	–	अनुपात
Percent	–	विषाणु
Ratio	–	बीजगणित
Satellite	–	वनस्पति विज्ञान
Virus	–	ऊर्जा

23. राणी कंपनी की ओर से एक नया दही (Curd) बाज़ार में आया है । इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- स्वादिष्ट
- गाय के शुद्ध दूध से निर्मित
- स्वास्थ्य के लिए अच्छा

24. बेटी का खत पढ़कर बादशाह बहुत चिंतित था । वह अपनी डायरी में इसके बारे में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- खत पढ़ने पर उत्पन्न दर्द
- परिवारवालों की सोच
- देशवासियों के प्रति आकुलता

25. शादी के बारे में सोचकर दीदी का मन संघर्ष से भरा । इसके बारे में वह अपनी सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- माता-पिता और भाई का प्यार
- परिवार से बिछुड़ने का दुःख
- ससुराल के प्रति आशंका